# राज्य बीमा योजना

## जीवन बीमा क्या है ?

जीवन बीमा एक अनुबंध है जिसके अन्तर्गत बीमेदार द्वारा बीमाकर्ता को नियमित प्रीमियम देने पर बीमेदार अथवा उसके मनोनीत को किसी घटना विशेष के घटित होने पर पूर्व निश्चित धन राशि के भुगतान हेतु आश्वस्त किया जाता है।

## बीमाधन क्या है ?

बीमानुबंध में प्रविष्टि पर बीमेदार की आगामी वर्षगांठ पर आयु एवम् उसके द्वारा देय प्रीमियम के आधार पर राशि, जो कि घटना विशेष के घटित होने पर देय है, बीमाधन कहलाती है।

## राज्य बीमा योजना क्या है ?

राज्यबीमा योजना राज्यकर्मियों के जीवन पर जौखिम वहन करने वाली एक कल्याणकारी योजना है जिसके द्वारा बचत को प्रोत्साहन देने के साथ साथ राज्यकर्मी तथा उसके परिजनों को आर्थिक सम्बल प्राप्त होता है।

## क्या राज्य बीमा योजना भारतीय जीवन बीमा निगम की योजना की तुलना में अधिक आकर्षक है ?

हॉ, इस योजना के अन्तर्गत जारी पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम की समान प्रकार की पॉलिसी की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक है। राज्य बीमा पॉलिसी की मुख्य विशेषताऍ निम्न हैं:—

(क) बीमेदार की मृत्यु पर बिना अतिरिक्त प्रीमियम लिये दो गुना बीमाधन दिया जाता है।

(ख) कम प्रीमियम पर तुलनात्मक रूप से अधिक बीमाधन दिया जाता है एवम्

(ग) बीमाधन पर देय बोनस की दर तुलनात्मक रूप से अधिक है।

## योजना किन नियमों के अन्तर्गत लागू है ?

राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा नियम, 1998 के अन्तर्गत यह योजना लागू है। पूर्व में यह योजना वर्ष 1953 के नियमों के अन्तर्गत लागू थी।

## योजना कब से एवम् किन–किन श्रेणियों के कर्मचारियों पर अनिवार्य/ऐच्छिक रूप से लागू है ?

योजना विभिन्न चरणों में निम्न प्रकार से लागू की गयी है–

01.08.1943 से तत्कालीन जयपुर रियासत के कर्मचारियों पर,
01.01.1954 से राजस्थान सरकार के कर्मचारियों पर,
01.04.1989 से पंचायत समिति एवम् जिला परिषद् के कर्मचारियों पर,
01.04.1995 से राज्य सरकार द्वारा नियमित किये गये वर्कचार्ज कर्मचारियों पर अनिवार्य रूप से तथा
01.04.1998 से सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवम् राजस्थान केडर के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों पर ऐच्छिक रूप से ।

## कर्मचारी कब बीमित होता है ?

कर्मचारी के सेवा में प्रविष्ट होने के दो वर्ष (परिवीक्षा काल) पूर्ण होने के पश्चात् आने वाले मार्च से कर्मचारी बीमित होगा। इसके लिए मार्च माह के वेतन में प्रीमियम की प्रथम कटौती की जाती है। कर्मचारी के वेतन में वृद्धि होने अथवा बीमा की खण्ड–दर में

परिवर्तन होने पर बढ़ी हुई दर पर प्रीमियम की कटौती भी आगामी मार्च माह के वेतन से की जाती है।

**वर्तमान में प्रीमियम की कटौती दर क्या है ?**

राज्य सरकार के आदेश क्रमांक एफ–13(21)एफडी/रेवेन्यु 76 पीटी/ जयपुर दिनांक 31.03.2010 के अनुसार वर्तमान में प्रीमियम की कटौती दर निम्न प्रकार है:–

| क्र. सं. | मूल वेतन | मासिक प्रीमियम खण्ड दर |
|---|---|---|
| 01 | रू. 6050 से 8500 तक | 330/– |
| 02 | 8501 से 11000 तक | 450/– |
| 03 | 11001 से रू. 18000 तक | 900/– |
| 04 | 18001 से 28000 तक | 1300/– |
| 05 | 28000 से अधिक पर | 2200/– |
| 06 | अधिकतम | 2500/– |

**क्या स्वयम् को अधिक बीमाधन के लिए बीमित करवाया जा सकता है ?**

वेतन खण्ड के लिए निर्धारित प्रीमियम की कटौती करवाना अनिवार्य है। हॉ, यदि कोई बीमेदार चाहे तो स्वेच्छा से अपने वेतन खण्ड से आगामी दो वेतन खण्डों के लिए निर्धारित दर पर कटौती करवाकर अधिक बीमाधन के लिए भी बीमित हो सकता है। लेकिन

वेतनखण्ड **05** के अन्तर्गत आने वाले बीमेदार अधिकतम 2500/- रू. प्रतिमाह तक की ही कटौती करवा सकते हैं।

**क्या इस योजना के अन्तर्गत की गयी कटौतियों पर आयकर में छूट का प्रावधान है ?**

हॉं, इस योजना के अन्तर्गत जमा प्रीमियम राशि पर धारा 80ब आयकर अधिनियम 1961 के अन्तर्गत आयकर में छूट का प्रावधान है।

**क्या राज्य सरकार पॉलिसी के अन्तर्गत देय लाभों के भुगतान की गारण्टी देती है ?**

हॉं, राज्य सरकार बीमा संविदाओं के अन्तर्गत देय लाभों के राज्य की संचित निधि से भुगतान की गारण्टी देती है।

**बीमा पॉलिसी के अन्तर्गत देय लाभों का भुगतान कब कब एवम् किन- किन परिस्थितियों में देय है ?**

योजना के अन्तर्गत निम्न परिस्थितियों में भुगतान देय हैः-

बीमेदार की मृत्यु होने पर उसके मनोनीत को

पॉलिसी की परिपक्वता तिथि पर बीमेदार को

पॉलिसी की परिपक्वता तिथि से पूर्व बीमेदार राज्य सेवा छोड़ने या उसे सेवा से अलग कर दिये जाने पर उसके द्वारा अन्य किसी विकल्प को न चुनने की स्थिति में बीमेदार को अध्यर्पण राशि का भुगतान किया जाता है।

**प्रीमियम कटौतियों के प्रतिफल में बीमेदार को अन्ततोगत्वा क्या लाभ मिलते है ?**

प्रीमियम के बदले बीमेदार को पॉलिसी की परिपक्वता तिथि पर बीमाधन मय बोनस प्राप्त होता है। परिपक्वता तिथि से पूर्व बीमेदार की मृत्यु होने पर उसके मनोनीत को बीमाधन की दो गुनी राशि का भुगतान मय बोनस किया जाता है।
परिपक्वता तिथि से पूर्व राज्य सेवा से अलग हो जाने वाले बीमेदारों के प्रकरणों में उनके द्वारा अध्यर्पण भुगतान के विकल्प का चयन करने की स्थिति में, अध्यर्पण राशि (सेवा से अलग होने तक की पॉलिसी अवधि से सम्बन्धित अध्यर्पण गुणांक के आधार पर निर्धारित) का भुगतान किया जाता है।

**बीमा की गणना का आधार एवम् प्रक्रिया क्या है ?**

राज्य बीमा पॉलिसियों के बीमाधन की गणना हेतु योजना में बीमेदार की प्रविष्टि पर आयु हेतु गुणक निर्धारित है। बीमेदार की आगामी वर्षगांठ पर आयु से सम्बन्धित गुणांक को उसके द्वारा देय मासिक प्रीमियम से गुणा कर बीमाधन निर्धारित किया जाता है।

कालान्तर में निर्धारित प्रीमियम दर से अधिक कटौती की स्थिति उत्पन्न होने पर देय अतिरिक्त बीमाधन की गणना भी उपर्युक्तानुसार की जाती है।

**विभाग द्वारा कितने प्रकार की पॉलिसी जारी की जाती है ?**

वर्तमान में विभाग द्वारा केवल सावधि (एण्डोमेंट) पॉलिसी जारी की जाती है। पूर्व में सावधि पालिसी के अतिरिक्त आजीवन पालिसी भी जारी की जाती थी।

**सावधि बीमा पॉलिसी पर कितने प्रकार के बोनस देय है ?**

सावधि बीमा पॉलिसी पर चार प्रकार के बोनस देय हैं:–

**रिवर्शनरी बोनसः**– यह बोनस प्रति वर्ष बीमा निधि के मूल्यांकन के आधार पर मूल्यांकन अवधि के अंत में प्रवृतमान पॉलिसियों हेतु राज्य सरकार द्वारा घोषित दर से दिया जाता है। वर्ष 2008–09 के लिए रिवर्शनरी बोनस की दर सावधि पॉलिसी पर 90/– प्रति हजार बीमाधन प्रति वर्ष है एवम् प्रवृतमान आजीवन पॉलिसी पर 112.5/– प्रति हजार बीमाधन प्रतिवर्ष है।

**अंतरिम बोनसः**–यह बोनस किसी वर्ष रिवर्शनरी बोनस घोषित न किये जाने की स्थिति में घोषित वर्ष के रिवर्शनरी बोनस की दर के आधार पर दिया जाता है।

**अतिरिक्त बोनसः**–यह बोनस पूर्व में जारी समाश्वासनो (एश्यारेंसेज) पर सेवा निवृति की आयु में परिर्वतन के कारण मूल्यांकक (एक्च्यूरी) द्वारा निर्धारित गुणांक की दर से दिया जाता है।

**टर्मिनल बोनसः**– यह बोनस बीमा पॉलिसी के पूर्ण अवधि तक जारी रहने की स्थिति में दिया जाता है। वर्ष 2008–09 की समाप्ति पर इसकी दर 4/– प्रति हजार बीमाधन प्रति वर्ष है।

**बोनस निर्धारण का आधार एवम् प्रकिया क्या है ?**

बोनस निर्धारण हेतु योजना के अन्तर्गत वर्ष की प्राप्तियों, भुगतान, ब्याज प्राप्तियॉ एवम् प्रबन्धकीय व्यय के आधार पर सम्पतियों एवम् दायित्वों की बैलेन्सशीट तैयार की जाती है। बैलेन्सशीट में अधिशेष की स्थिति में मूल्यांकक कुल बीमाधन के आधार पर प्रति हजार बीमाधन के लिए बोनस दर की अनुशंषा करता है। मूल्यांकक की अनुशंषा के आधार पर राज्य सरकार राज्य बीमा पॉलिसी पर बोनस के आदेश जारी करती है। स्वत्व राशि के निर्धारण के समय

विभिन्न अवधियों के लिए घोषित बोनस दरों के अनुसार बीमाधन पर बोनस राशि की गणना की जाती है।

**क्या राज्य सरकार द्वारा निधि में जमा राशि पर ब्याज दिया जाता है ?**

निधि में जमा राशि पर राज्य सरकार द्वारा ब्याज दिया जाता है। वर्तमान में इसकी दर 8.5 प्रतिशत वार्षिक है।

**क्या बीमा योजना में बीमेदार को ऋण की सुविधा उपलब्ध है ?**

योजना के अन्तर्गत बीमेदार द्वारा कुछ शर्तों के अधीन ऋण प्राप्त किया जा सकता है।

**क्या बीमा ऋण पर विभाग द्वारा ब्याज लिया जाता है ?**

वर्तमान में बीमा ऋण पर बीमेदार से लिये जाने वाले ब्याज की दर 8.5 प्रतिशत वार्षिक है। नवीन बीमा नियमों के अन्तर्गत निधि पर देय एवम् ऋण प्रकरणों में लागू ब्याज दर में समानता निधि द्वारा अर्जित ब्याज के परिप्रेक्ष्य में लाई गई है।

**अधिक कटौती किस आयु तक की जा सकती है ?**

अधिक कटौती 55 वर्ष की आयु तक की जा सकती है।